कार्यालय,निदेशक,माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

शिविरा/माध्य/कम्प्युटर/ IHRMS /2015/ 173 दिनांक : 09.05.2017

1. **समस्त उपनिदेशक(प्रारंभिक/माध्यमिक)**
   शिक्षा विभाग
2. **समस्त जिला शिक्षा अधिकारी**
   माध्यमिक शिक्षा (प्रथम/द्वितीय)

विषय :- शिक्षा विभाग(स्कूल शिक्षा) के सभी अधिकारी/कर्मचारीयों के सेवा पुस्तिका में दर्ज सूचनाओं को इलेक्ट्रोनिक रूप से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान वेबपोर्टल पर दर्ज करने बाबत |

प्रसंग :- माननीय मुख्यमंत्री महोदया के सुराज संकल्प के बिन्दु संख्या 12.04 की अनुपलना में क्रियान्विति हेतु राजस्थान सरकार,कार्मिक (ख-3) विभाग,(IHRMS सैल)पत्र क्रमांक प.18(08) कार्मिक /ख-3/2015 दिनांक 26.10.16 एवं समसंख्यक पत्र दिनांक 29.12.16

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत एवं प्रासंगिक पत्र की क्रियान्वित किए जाने के क्रम में दिनांक 02.01.17 से 03.01.17 तक 12 जिलों यथा जयपुर, अजमेर, बारां, भरतपुर, बीकानेर, चुरू, झालावाड़, जोधपुर, कोटा, पाली, उदयपुर एवं जयपुर (गोनेर) में नव निर्मित Digital Learning Solution Rooms में *राजकीय कार्मिकों के सेवाभिलेख की एकीकृत ऑनलाइन सूचना प्रणाली* वेबसाइट के *डेटा फीडिंग* का दो दिवसीय प्रशिक्षण संस्था प्रधानो,मण्डल एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों के संस्थापन शाखा के कार्मिकों को दिया गया था | साथ ही आपको निर्देशित किया गया था कि दिनांक 20 जनवरी 2017 तक उक्त दिनांक को प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों के सहयोग से जिले के अन्य संस्था प्रधानों को प्रशिक्षित करेंगे |

अतः निर्देशित किया जाता है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समस्त संस्था प्रधानो को पाबंद करावें कि *वे अपने विद्यालयों में कार्यरत कार्मिकों के सेवाभिलेखों को एकीकृत ऑनलाइन सूचना प्रणाली* वेबसाइट http://ihrms.raj.nic.in पर *डेटा फीडिंग करवाया जाना सुनिश्चित करावें* / किसी प्रकार की सहायता हेतु IHRMS की Help-desk (0141-2227111) पर सम्पर्क किया जा सकता है |

(बी.एल.स्वर्णकार)
I.A.S
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com